आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 17.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कल मुम्बई में 'फिट इंडिया मूवमेंट' के प्रमुख कार्यक्रम 'संडे ऑन साइकिल' की अगुआई की।
2. सांसद बिष्णु पद रे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से किसानों को मुआवजा देने की तत्काल अपील की है।
3. पोर्ट ब्लेयर सर्किट कोर्ट की बैठक आज से तीन मार्च तक आयोजित की जाएगी।
4. कार–निकोबार के बी जे आर स्टेडियम में छब्बीसवां उप–राष्ट्रपति भारतीय कप सॉकर चैम्पियनशिप खेला जा रहा है।

<><><><><><><>

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कल मुम्बई में 'फिट इंडिया मूवमेंट' के प्रमुख कार्यक्रम 'संडे ऑन साइकिल' की अगुआई की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य साइकिल चलाकर स्वस्थ और तंदुरुस्त जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करना और प्रदूषण को कम करना था। कार्यक्रम में देशभर से पांच सौ से अधिक साइकिल सवार शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य संदेश मोटापे से लड़ो था। इस अवसर पर खेल मंत्री ने युवाओं से आग्रह किया कि वे स्वस्थ रहने और बेहतर पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए साइकिल का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का विकसित भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब देश के नागरिक फिट होंगे।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उन किसानों को मुआवजा देने की तत्काल अपील की है, जिनकी भूमि दो हजार चार की विनाशकारी सुनामी के बाद समुद्र में डूब गई थी। यह अपील अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भूमि मामलों की जांच के लिए दो हजार सत्रह में गृह मंत्रालय द्वारा गठित विवेक राय समिति की सिफारिशों पर आधारित है। समिति को सुनामी प्रभावित किसानों के लिए मुआवजे, पिछले राहत भुगतानों की पर्याप्तता और उन्नीस सौ इकसठ से पहले बसने वालों द्वारा कब्जा की गई अतिरिक्त भूमि के नियमितीकरण सहित महत्वपूर्ण भूमि संबंधी मुद्दों की समीक्षा करने का काम सौंपा गया था। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा अपनी व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बावजूद, इसकी सिफारिशें लागू नहीं हुई हैं, जिससे प्रभावित किसान लंबे समय तक संकट में हैं। सांसद ने कहा कि समिति के निष्कर्षों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि किसानों को प्रदान किया गया मुआवजा बेहद अपर्याप्त था और उन्होंने बढ़े हुए मुआवजे

की सिफारिश की। हालांकि, आपदा के दो दशक से भी अधिक समय बाद भी ये किसान न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि "जिन किसानों ने आपदा के कारण अपनी जमीन खो दी। सरकार को लंबे समय से लंबित राहत प्रदान करने और न्याय को बनाए रखने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए। सांसद ने गृह मंत्रालय से परामर्श प्रक्रिया में तेजी लाने, समिति की सिफारिशों को लागू करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि प्रभावित किसानों को वह मुआवजा मिले जिसके वे हकदार हैं।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर सर्किट कोर्ट की बैठक आज से तीन मार्च तक आयोजित की जाएगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनिरूद्ध रॉय और न्यायमूर्ति बिभास रंजन डे मामलों की सुनवाई करेंगे।

उधर, अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से आठ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत श्री विजयपुरम के ज़िला न्यायालय भवन, उप–विभागीय कोर्ट परिसर मायाबंदर तथा डिगलीपुर के सर्किट कोर्ट में आयोजित होगा। लोक अदालत में धारा एक सौ अड़तीस के अंतर्गत राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड अधिनियम के मामले, धन वसूली के मामले, श्रम विवाद, बिजली और पानी के बिल संबंधी विवाद, भरण–पोषण के मामले, सिविल विवाद और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत आने वाले विवादों का निपटान किया जाएगा, जिन लोगों के विवाद मुकदमें पूर्व या मुकदमे पश्चात स्तर पर है, उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान उनके समाधान की सुविधा के लिए सत्ताईस फरवरी तक श्री विजयपुरम के ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव को लिखित रूप में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

कार–निकोबार के बी जे आर स्टेडियम में छब्बीसवां उप–राष्ट्रपति भारतीय कप सॉकर चैम्पियनशिप खेला जा रहा है। अंडमान एवं निकोबार कमांड का मुकाबला श्री विजयपुरम से होगा। फाइनल मैच आज दोपहर दो बजे खेला जाएगा। कल खेले गए पहले सेमीफाइनल में अंडमान एवं निकोबार कमांड ने एक शानदार मैच में नानकौड़ी को एक–शून्य से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में श्री विजयपुरम ने चौरा को तीन–शून्य से हराया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के लाभार्थियों को इस वर्ष अप्रैल से लेकर अगले वर्ष मार्च तक की रियायती चीनी का कोटा एक साथ प्रदान किया जाएगा। एक किलो चीनी प्रति कार्ड प्रतिमाह के हिसाब से वितरित की जाएगी। ऐसे सभी राशनकार्ड धारकों से अट्ठाईस फरवरी तक अपने दो महीने के राशन का कोटा

उठाने को कहा गया है। हालांकि, जो राशन कार्ड धारक जनवरी के महीने में राशन नहीं ले पाए हैं, वे इस महीने अपना राशन ले सकते हैं।

<><><><><><><>

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व विद्यालय द्वारा छात्रों के लिए बैचलर ऑफ एजुकेशन और बी एस सी नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन हैं और पंजीकरण की अंतिम तिथि इक्कीस फरवरी है। इन कार्यक्रमों के लिए भुगतान केवल ऑनलाइन किए जा सकते है। प्रवेश परीक्षा सोलह मार्च को होगी। ऑनलाइन फार्म भरने में यदि कोई कठिनाई आती है, तो श्री विजयपुरम के इग्नू के क्षेत्रीय केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के लोगों को विशेष चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने की दिशा में गुरु की रसोई ने जी.बी. पन्त अस्पताल में ग्लेनीगल्स अस्पताल चेन्नई के सहयोग से दो दिवसीय तीसरा सुपर–स्पेशलिस्ट स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया'। द्वीप समूह के लोगों को विशेष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए, इस तीसरे शिविर ने स्थानीय समुदाय के करीब विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श और उपचार लाने की पहल को और मजबूत किया। ग्लेनीगल्स अस्पताल, चेन्नई के प्रसिद्ध सुपर–स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की एक टीम ने नेफ्रोलॉजी, कार्डियोलॉजी और न्यूरोलॉजी पर विशेष ध्यान देते हुए विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों में परामर्श प्रदान किया। प्रमुख विशेषज्ञों में वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. बलरामन भी शामिल थे, जिन्होंने किडनी से संबंधित बीमारियों वाले रोगियों के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान किया। शिविर में लोगों की भारी प्रतिक्रिया देखी गई, जिसमें सैकड़ों रोगियों ने निःशुल्क परामर्श, नैदानिक जांच और विशेषज्ञ चिकित्सा सलाह का लाभ उठाया। व्यक्तिगत स्वास्थ्य सेवाओं के अलावा, निवारक स्वास्थ्य, जीवनशैली संबंधी बीमारियों और उपचार के बाद की देखभाल पर जागरूकता सत्र आयोजित किए गए, ताकि लोगों को दीर्घकालिक स्वास्थ्य बनाए रखने के बारे में शिक्षित किया जा सके।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय जनजातिय महोत्सव "आदि–महोत्सव" का उद्घाटन किया–

द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने इस खबर को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। इन अखबारों ने अट्ठाईस फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाए जाने के समाचार को भी अपने अखबार में जगह दी है।

महाकुंभ में डेढ़ करोड़ लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी–इंफो इंडिया ने भीतर के पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया

है। इको ऑफ इंडिया ने वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में यात्रियों के लिए और अधिक सुविधाएं जल्द ही शुरू करने के समाचार को पहले पन्ने के उपरी भाग में प्रकाशित किया है। अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने डीब्रेट में वर्चुअल लैब कार्यशाला आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने के मध्य में जगह दी है। अखबार ने महाराष्ट्र मण्डल सभागार में रक्तदान शिविर आयोजित करने के समाचार को भी पहले पन्ने के निचले भाग में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>